


## डेविड वार्नर ने कोहली को दिया सिर शेव का चैलेंज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने मंगलवार को अपना सिर शेव करने का फैसला किया। वॉर्नर ने कोरोना वायरस का डटकर लोहा ले रहे मेडिकल स्टाफ के प्रति अपना समर्थन जताने के लि ऐसा किया है। अपना सिर शेव करने के बाद वॉर्नर ने ऑस्ट्रेलिया के अपने साथी खिलाड़ी स्टीव स्मिथ और भारतीय कप्तान विराट कोहली को भी ऐसा करने का चैलेंज दिया। वॉर्नर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर यह विडियो शेयर किया और इसका कैप्शन दिया– कोविड–19 से पहली पंक्ति में मोर्चा ले रहे स्टाफ के समर्थन के लिए मुझे सिर शेव करने के लिए नॉमिनेट किया गया था। मुझे याद आता है कि पिछली बार जब मैंने ऐसा किया था तो मेरा डेब्यू था।

आपको यह पसंद आया या नहीं। कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के चलते ऑस्ट्रेलिया में मरने वालों की संख्या 19 तक पहुंच गई है। मंगलवार सुबह तक कोविड–19 से पीड़ित लोगों की संख्या 4460 तक पहुंच गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 11 मार्च को इस बीमारी को वैश्विक महामारी घोषित किया था।

# एशिया कप न होने के अंदेशे से इनकार नहीं किया जा सकता

**क्रिकेट**

### इस समय क्रिकेट के कार्यक्रम के बारे में बात करना उचित नहीं: बीसीसीआई अधिकारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना वायरस ने न सिर्फ विश्व को ठिठका दिया है, बल्कि इसके कारण तमाम खेल गतिविधियां भी रोक दी गई हैं। तोक्यो ओलंपिक–2020 को एक साल के लिए टाल दिया गया है और आईपीएल की शुरुआत भी स्थगित कर दी गई है। ऐसी भी संभावना है कि इस साल होने वाला एशिया कप न हो पाए।

बीसीसीआई के एक अधिकारी ने आईएएनएस से कहा कि इस समय जैसी स्थितियां हैं, इसमें यह कहना ठीक होगा कि हो सकता है कि इस साल एशिया कप न हो। अधिकारी ने कहा, 'अभी इस समय क्रिकेट के कार्यक्रम के बारे में बात करना उचित नहीं होगा। हम इस बात की संभावनाएं मान सकते हैं कि इस साल एशिया कप न हो। कोविड–19 का प्रभाव किस हद तक जा सकता है, यह अभी किसी को पता नहीं है। तमाम जगह नौकरी का चला जाना, अर्थव्यवस्था पर इसका असर क्या होगा इसका पता नहीं।'

उन्होंने कहा, 'खेल संगठनों पर भी काफी गहरा असर पड़ा है और एक बार जब हालात सामान्य हो जाएंगे तो कुछ कड़े फैसले लिए जा सकते हैं। कुछ दायित्व और मुश्किलात हैं जो बोर्ड के सामने आ सकते हैं। उनसे निपटना एक अलग तरह की चुनौती होगी।' इस बारे में जब मेजबान बोर्ड पाकिस्तान से बात की गई तो उन्होंने कहा कि इस मामले में ज्यादा जानकारी देने को है ही नहीं।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक अधिकारी ने कहा, 'हम इस बारे में कुछ नहीं बता सकते कि एशियाई क्रिकेट परिषद की अगली बैठक कब होगी और एशिया कप पर क्या फैसला होगा इसका क्या भविष्य होगा।' कोरोना वायरस के कारण ही आईपीएल को भी 15 अप्रैल तक के लिए टाल दिया गया है। पहले इसकी शुरुआत 29 मार्च से होनी थी।




**आईपीएल का भविष्य अधर में, नए खिलाड़ियों का बढ़ता इंतजार**

नई दिल्ली। कोरोना महामारी के कारण आईपीएल के 15 अप्रैल तक टलने से टूर्नमेंट में पहली बार खेलने के लिए तैयार युवा खिलाड़ी निराश हैं लेकिन धैर्य और अभ्यास के साथ वे खुद को प्रेरित कर रहे हैं। बंगाल के युवा ऑलराउंडर शाहबाज अहमद ने विराट कोहली और एबी डिविलियर्स से पूछने के लिए सवालों की लिस्ट तक तैयार कर रखी है। लेकिन देश में जिस तरह से कोरोना वायरस के इनफेक्शन के मामले बढ़ रहे हैं, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के इस खिलाड़ी का इंतजार और लंबा हो सकता है।

## पाकिस्तान के हैदर अली ने कहा, भारत के रोहित मेरे आदर्श

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लाहौर। पाकिस्तान के युवा उभरते बल्लेबाज हैदर अली ने कहा है कि भारतीय सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा उनके आदर्श हैं और वह रोहित के जैसा ही बल्लेबाजी करना चाहते हैं।

क्रिकेट पाकिस्तान ने सोशल मीडिया पर एक विडियो पोस्ट किया है, जिसमें हैदर ने जमकर रोहित की तारीफ की है। 19 साल के हैदर ने कहा, 'रोहित शर्मा मेरे आदर्श हैं। उनकी सबसे अच्छी बात यह है कि उनका स्ट्राइक रेट बहुत अच्छा है। मैं भी अपने खेल में यही चाहता हूं और उनके जैसे ही बल्लेबाजी करना चाहता हूं।'

हैदर ने हाल ही में पाकिस्तान सुपर लीग में पेशावर जाल्मी की ओर से खेलते हुए नौ मैचों में 239 रन बनाए थे। इसके बाद पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर रमीज राजा ने हैदर की तुलना बाबर आजम और विराट कोहली से की थी। इस पर हैदर ने कहा था कि वे चाहते हैं कि लोग उनकी तुलना हमवतन बाबर आजम से करे ना कि भारतीय कप्तान कोहली से।



रमीज राजा ने कहा था, 'हैदर में बहुत प्रतिभा है और उसने पीएसएल के अपने पहले सीजन में खुद के लिए नाम कमाया है। हालांकि उन्हें अपने प्रदर्शन में निरंतरता लाने की जरूरत है और बल्लेबाजी क्रम में उनका आदर्श स्थान तीसरे नंबर का है।'

उन्होंने कहा था, 'हैदर को बाबर आजम और विराट कोहली के नजरिए का पालन करने की जरूरत है। इन दोनों की तरह इतना सुधार नहीं है क्योंकि उनमें इतनी प्रतिभा है और मुख्य रूप से पारंपरिक शॉट्स पर निर्भर है। हैदर के पास बाबर और कोहली जैसी प्रतिभा है लेकिन उसे अपने खेल के प्रति जागरूकता लाने और लंबी पारी खेलने की जरूरत है।'

## ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम के कप्तान टिम पेन की कार से बटुआ हुआ चोरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिडनी। ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम के कप्तान टिम पेन ने मंगलवार को बताया कि उनकी कार से उनका बटुआ चोरी हो गया है। पेन ने अपनी कार गैरेज से निकालकर गली में खड़ी की थी। पेन, सेल्फ–आइसोलेशन में हैं। वह गैराज में जिम बनाना चाहते थे इसलिए उन्होंने अपनी कार को बाहर खड़ा किया था। लेकिन किसी ने उसमें से उनका बटुआ चुरा लिया। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा कि वह सदमे में आ गए जब उन्हें उनके क्रेडिट कार्ड के गलत इस्तेमाल के मेसेज आने लगे।

कोविड–19 वैश्विक महामारी के दौरान पेन अपने गैराज का इस्तेमाल फिटनेस और क्रिकेट स्किल कायम रखने के लिए करना चाहते थे लेकिन उन्हें इस बात का अंदाजा नहीं था कि अपनी कार को सड़क पर खड़ी करने की उन्हें इतनी बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी।

पेन ने एक ऑस्ट्रेलियाई नेटवर्क को बताया, मैंने हाल ही में गैराज को होम जिम में बदला है। इसी दौरान मैंने बाहर जाकर देखा तो कार का दरवाजा खुला हुआ था और बटुआ गायब था। उन्होंने कहा, मैंने सोचा था कि मैं अपने कवर ड्राइव पर काम करूंगा।

## न्यूज डायरी



### कोहली के बाद रोहित ने भी बढ़ाए मदद के हाथ, 80 लाख रुपये देने का फैसला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना वायरस से जंग में मदद के लिए खेल जगत की ओर से मदद का सिलसिला जारी है। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली के बाद सीमित ओवरों में उपकप्तान रोहित शर्मा ने भी ममद का हाथ बढ़ाया है। रोहित शर्मा ने 80 लाख रुपये मदद देने का फैसला किया है। रोहित ने ट्वीट कर कहा, हम अपने देश को अपने पैरों पर खड़े होते देखना चाहते हैं और इसकी जिम्मेदारी हम सब पर है। मैंने अपनी ओर से योगदान देने का फैसला किया है। मैं 45 लाख रुपये पीएम–केयर्स फंड और 25 लाख रुपये सीएम रिलीफ फंड में मदद करूंगा। 5 लाख रुपये फीडिंग इंडिया और 5 लाख रुपये वेलफेयर ऑफ स्ट्रे डॉग्स के लिए करूंगा। इससे पहले, भारतीय कप्तान विराट कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा ने सोमवार को ट्विटर पर डोनेट करने का ऐलान किया था।

### पाकिस्तानी हरफनमौला हफीज टी20 विश्व कप के बाद संन्यास लेंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान के हरफनमौला खिलाड़ी मोहम्मद हफीज अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास से पहले इस साल आईसीसी टी20 विश्व कप में देश का प्रतिनिधित्व करना चाहते है। हफीज ने एक साक्षात्कार में कहा कि वह टी20 विश्व कप में अपने देश के लिए खेलना और इसमें टीम को अच्छा प्रदर्शन करने में मदद करना चाहत है। उन्होंने कहा, 'मैंने तय किया है कि टी20 विश्व कप के बाद मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लूंगा। इसके बाद मै सिर्फ टी20 लीग में खेलने पर ध्यान केंद्रित करूंगा। हफीज पहले ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं और वह सिर्फ सफेद गेंद प्रारूप में खेलते हैं। पाकिस्तान के लिए 55 टेस्ट, 218 वनडे और 91 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाले 39 साल के हफीज ने कहा कि उन्होंने अभी यह फैसला नहीं किया है कि वह संन्यास लेने के बाद क्या करेंगे।' टी20 अंतरराष्ट्रीय में टीम की कमान संभाल चुके हफीज ने कहा, 'यह कोचिंग हो सकता है।

### कोविड–19: सानिया मिर्जा ने जुटाए 1.25 करोड़ रुपये

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। भारतीय महिला टेनिस स्टार सानिया मिर्जा ने कोरोना वायरस के खिलाफ जंग में 1.25 करोड़ रुपये जुटाए हैं और अब वह इस राशि को जरूरतमंद लोगों में बांटेंगी। सानिया का मानना है कि 21 दिनों के लॉकडाउन के दौरान इससे करीब एक लाख लोगों को मदद मिलेगी। सानिया ने ट्विटर पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा, 'जरूरतमंद लोगों को कुछ सहायता प्रदान करने के लिए हमने पिछले सप्ताह एक टीम के रूप में प्रयास किया। हमने हजारों परिवारों को भोजन प्रदान किया और एक सप्ताह में 1.25 करोड़ रुपये जुटाए, जो एक लाख लोगों की मदद करेगा। यह एक सतत प्रयास है और हम सब एकजुट होकर ऐसा कर रहे हैं।' सानिया ने इससे पहले, सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह 'सफा' संगठन का समर्थन कर रही थी और उन्होंने लोगों से भी इस मुश्किल समय में दैनिक मजदूरों की मदद करने का आह्वान किया था।

### शैडो प्रैक्टिस से काम चला रही हैं बॉक्सर पूजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना के चलते घर में कैद खिलाड़ी अब ऊबने लगे हैं। अभी कुछ दिनों पहले ऑस्ट्रेलियाई ओपनर डेविड वॉर्नर ने अपनी यह निराशा ट्विटर पर जाहिर की थी। कुछ ऐसा ही एशियन गेम्स की मेडलिस्ट और इस बार ओलिंपिक्स के लिए क्वॉलिफाई कर चुकीं बॉक्सर पूजा रानी का भी कहना है। पूजा ने कहा कि 10 साल के अपने बॉक्सिंग करियर में यह पहला अवसर है जब वह इतने समय तक घर पर रही हैं। उन्होंने कहा कि घर का खाना खाकर अच्छा लग रहा है लेकिन रूटीन वर्क नहीं हो पाने से ऊबने लगी हूं। पूजा ने बताया कि स्थिति यह हो गई है कि काफी समय हो गए, बॉक्सिंग ग्लव्स नहीं पहन पाई हूं। उन्होंने कहा, बॉक्सिंग में प्रैक्टिस के लिए हमेशा एक पार्टनर की जरूरत होती है। काफी समय हो गए, ग्लब्स नहीं पहन पाई हूं।